न्यायालय उप जिला कलक्टर एवं उप जिला मजिस्ट्रेट गंगापुर सिटी
जिला सवाई माधोपुर

पीठासीन अधिकारी– श्री बृजेन्द्र मीना, आर0ए0एस0

मुकदमा नम्बर	तारीख रजू	तारीख निर्णय
13/2025	21.04.2025	30.07.2025

हरिप्रसाद पुत्र स्व0 रामप्रसाद, महाजन निवासी मच्छीपुरा तह0 तलावडा
––प्रार्थी

वनाम

लैण्ड होल्डर जरिए तहसीलदार तहसील तलावडा ––अप्रार्थी

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 एल0आर0एक्ट

उपस्थित :– प्रार्थी हरिप्रसाद।

निर्णय

प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 लैण्ड रेवेन्यू एक्ट इस आशय का प्रस्तुत किया है कि प्रार्थी की खातेदारी की भूमि ख0न0 887 रकवा 1.27 है0 ग्राम मच्छीपुरा मे स्थित है। उपरोक्त वर्णित भूमि मे प्रार्थी के पिताजी का नाम परसादी दर्ज है जवकि प्रार्थी के पिताजी का नाम रामप्रसाद है। प्रार्थी के पिताजी के मतदाता पहचान पत्र, प्रार्थी के आधार कार्ड एवं प्रार्थी के नाम दर्ज भूमि ख0न0 905, 906 खाता संख्या 333 ग्राम मच्छीपुरा के अनुसार प्रार्थी के पिताजी का नाम रामप्रसाद दर्ज है। अतः प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन है कि भूमि ख0न0 887 रकवा 1.28 है0 ग्राम मच्छीपुरा खाता संख्या 332 मे प्रार्थी के पिताजी का नाम परसादी के स्थान पर रामप्रसाद दर्ज करने का कष्ट करें।

प्रार्थना पत्र के समर्थन में प्रार्थी ने फोटोकोपी नकल जमावंदी संवत 2071–74 खाता संख्या 332, 333 ग्राम मच्छीपुरा, फोटोकोपी आधार कार्ड, फोटोकोपी मतदाता पहचान पत्र, फोटोकॉपी प्रमाण पत्र ग्राम पंचायत वूचोलाई दिनांक 29.3.2025 प्रस्तुत किये है।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्राथी को तलव किया गया एवं तहसीलदार तलावडा से रिपोर्ट चाही गई।

अप्रार्थी तहसीलदार तलावडा की ओर से उनके पत्र क्रमांक भू0अ0/2025/ 766 दिनांक 12.06.2025 के साथ रिपोर्ट प्राप्त हुई है। इसके साथ पटवारी हल्का अमरगढ की मूल रिपोर्ट भी संलग्न की गई है।

प्रार्थी को सुना गया।

प्रार्थी ने अपने प्रार्थना पत्र के अनुसा[illegible] के पिता का नाम परसादी के स्थान पर रामप्रसाद दर्ज करने का निवेदन किया।

बहस पर मनन किया। पत्रावली पर उपलब्ध अभिलेखों का अवलोकन किया। लैण्ड होल्डर तहसीलदार तलावडा की रिपोर्ट के साथ प्राप्त फोटोकोपी नकल संवता 2071–74 के खाता संख्या 333 मे प्रार्थी के पिता का नाम

Signature Not Verified
Digitally signed by Brijendra Meena
Date: 2025.08.05 10:25:40 IST
Reason: SelfAttested

उप जिला कलेक्टर
गंगापुर सिटी (स0मा0)

रामप्रसाद दर्ज है। इस प्रकार प्रार्थी की ओर से प्रस्तुत अभिलेख व तहसीलदार तलावडा से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार प्रार्थी का प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 एल0आर0एक्ट स्वीकार किए जाने योग्य है।

आदेश

अतः उपरोक्त विवेचन के अनुसार प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 एल0आर0एक्ट स्वीकार किया जाता है एवं भूमि ख0न0 887 रकबा 1.28 है0, खाता संख्या 332 ग्राम मच्छीपुरा तह0 तलावडा की जमाबंदी सं0 2071 से 2074 में दर्ज नाम हरीप्रसाद पुत्र परसादी हिस्सा पूर्ण जाति महाजन, सा0देह खातेदार राहिन (पूर्ण खाता) यूनाईटेड बैंक ऑफ इंडिया शाखा गंगापुर सिटी के स्थान पर हरीप्रसाद पुत्र रामप्रसाद हिस्सा पूर्ण जाति महाजन, सा0देह खातेदार राहिन (पूर्ण खाता) यूनाईटेड बैंक ऑफ इंडिया शाखा गंगापुर सिटी दर्ज करने का एवं इसी अनुसार राजस्व अभिलेख में शुद्धि करने का आदेश दिया जाता है। इस खाते में दर्ज अन्य प्रविष्टियां यथावत रहेंगी।

निर्णय की पालना हेतु निर्णय की सत्य–प्रतिलिपि तहसीलदार तलावडा को भिजवाई जावे।

पत्रावली फैसलशुमार होकर नम्बर से कम हो एवं बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 30.07.2025 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

जिला कलेक्टर एवं मजिस्ट्रेट गंगापुर सिटी (स०मा०)

(बृजेन्द्र मीना)
उप जिला कलक्टर
गंगापुर सिटी

उप जिला कलक्टर
गंगापुर सिटी (स०मा०)

Signature Not Verified

Digitally signed by Brijendra Meena
Date: 2025.08.05 10:25:40 IST
Reason: SelfAttested